रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05 REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-02092025-265888
CG-DL-W-02092025-265888

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

साप्ताहिक
WEEKLY

सं. 28] नई दिल्ली, अगस्त 10—अगस्त 16, 2025, शनिवार/ श्रावण 19—श्रावण 25, 1947
No. 28] NEW DELHI, AUGUST 10— AUGUST 16, 2025, SATURDAY/SHRAVANA 19— SHRAVANA 25, 1947

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications Issued by the Ministries of the Government of India
(Other than the Ministry of Defence)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 6 मई, 2025

सा.का.नि. 128.—केन्द्रीय सरकार, असम राइफल्स अधिनियम, 2006 (2006 का 47) की धारा 165 की उपधारा (2) के खंड (क) और खंड (ख) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, असम राइफल्स (समूह 'ग' के योधक पद) भर्ती नियम, 2001 को जहां तक उनका संबंध नायब सूबेदार (भेषजज्ञ) के पद से है, और असम राइफल्स (समूह 'ख' योधक पद) भर्ती नियम, 2001 को जहां तक उनका संबंध सूबेदार मेजर (भेषजज्ञ), सूबेदार (भेषजज्ञ) के पद से हैं, उन बातो के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, गृह मंत्रालय, असम राइफल्स में सूबेदार मेजर (भेषजज्ञ), सूबेदार (भेषजज्ञ) और नायब सूबेदार (भेषजज्ञ) के पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थातः—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ**. — (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम गृह मंत्रालय, असम राइफल्स, सूबेदार मेजर (भेषजज्ञ), सूबेदार (भेषजज्ञ) और नायब सूबेदार (भेषजज्ञ) समूह 'ख' पद, भर्ती नियम 2025 है।

(2) ये नियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे।

2. **लागू होना.**– ये नियम इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (1) मे यथाविनिर्दिश्ट पदों पर लागू होंगे।

3. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.**– पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण तथा उनसे सलंग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होगे, जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट है।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा और अर्हताएं आदि.** – उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु–सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से (13) में विनिर्दिश्ट है।

5. **निरर्हता.**– वह व्यक्ति, –

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह की संविदा की है, उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगाः

परन्तु यदि केंद्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. **अधिवर्षिता.**– (1) इन नियमों के अधीन नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति उस मास की अंतिम तारीख को जिसमे वह साठ वर्ष की आयु प्राप्त कर लेता है के अपरान्ह या केन्द्रीय सरकार द्वारा समय समय पर यथाविहित, सेवानिवृत्त होगा।

परन्तु वह व्यक्ति जिसकी जन्म की तारीख किसी मास के पहले दिन को है, वह उस मास के से पूर्ववर्ती मास के अंतिम दिन को सेवानिवृत्त होगा।

(2) किसी भी व्यक्ति को उपनियम (1) में यथाविनिर्दिश्ट अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त की विहित आयु से परे सेवा में विस्तार की अवधी अनुदत्त नही की जाएगी।

7. **शिथिल करने की शक्ति.**– जहां केन्द्रीय सरकार की राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है वहां वह उसके लिए जो कारण है उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबंध मे से किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की वाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

8. **व्यावृति.**– इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय–समय पर जारी किये गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतन मैट्रिक्स मे वेतन स्तर	चयन या अचयन पद
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
सूबेदार मेजर (भेषजज्ञ)।	02*(2025) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' अनुसचिवीय, अराजपत्रित।	वेतन मेट्रिक्स में स्तर–8, (47,600–1,51,100)।	लागू नहीं होता।

सीधे भर्ती के किए जाने व्यक्तियों के लिए आयु–सीमा।	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं।	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
(6)	(7)	(8)	(9)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	पुनर्नियुक्ति अभ्यर्थियों के लिए दो वर्ष।

भर्ती की पद्धति – भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा और विभिन्न पद्धतियों से भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।	प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में, वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा।
(10)	(11)
(अ) 50 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति या प्रोन्नति द्वारा; (ब) 50 प्रतिशत प्रतिनियुक्ति या पुनर्नियुक्ति द्वारा (सशस्त्र बलों के कार्मिको हेतु)	**प्रतिनियुक्ति या प्रोन्नति द्वारा** केन्दीय सरकार या राज्य सरकार के अधिकारी, क. (i) जिन्होंने विभाग के मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हो, या (ii) जिन्होंन मूल संवर्ग या विभाग मे वेतन मैट्रिक्स मे स्तर 7 (44,900–1,42,400) या समतुल्य मे नियुक्त के पश्चात् नियमित आधार पर दो वर्ष सेवा की हो; ख. जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हकता और अनुभव रखते हों, (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भेषजी मे स्नातक डिग्री। (ii) सुसंगत क्षेत्र मे दो वर्ष का अनुभव। **टिप्पण1**: विभागीय सूबेदार (भेषजज्ञ) जिन्होनें वेतन मैट्रिक्स के स्तर–7(44,900–1,42,400) में दो वर्ष की नियमित सेवा की हो और प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए विहित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव रखते हों, बाहरी व्यक्तियो के साथ विचार किया जाएगा। यदि विभागीय अभ्यर्थी को पद पर नियुक्ति के लिए चुना जाता है, तो इसे प्रोन्नति द्वारा भरा माना जाएगा और जिनकी चिकित्सा श्रेणी शेष–1 होगी और बल द्वारा समय–समय पर यथाविहित प्रोन्नति पूर्व न्यूनतम दो से चार सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण अर्हित हो। **टिप्पण2**: प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्रय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

	टिप्पण3: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नही होगी। **भूतपूर्व सैनिक/पुनर्नियोजनः**– सशस्त्र बल के ऐसे कार्मिक जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या आरक्षित में स्थानातरित होने वाले और जिनके पास प्रतिनियुक्ति के लिए अपेक्षित अनुभव और विहित अर्हताएं हैं, के नाम पर भी प्रतिनियुक्ति के लिए विचार किया जाएगा। यदि चयनित हो जाते हैं तो ऐसे व्यक्तियों को उस तारिख तक प्रतिनियुक्ति के निबंधनों पर रखा जाएगा जिस पर उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है उसके पश्चात् उन्हें पुनर्नियोजन पर जारी रखा जाए। ये अभ्यर्थी चिकित्सा प्रवर्ग-**I** में होंगे।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना।
(12)
समूह 'ख' विभागीय पुष्टीकरण समिति (पुष्टि पर विचार करने के लिए) जिसमे निम्नलिखित होगेः– 1. ब्रिगेडियर (कार्मिक), असम राइफल्स – अध्यक्ष; 2. कर्नल (अभिलेख), असम राइफल्स – सदस्य; 3. स्टाफ ऑफिसर– (चिकित्सा/स्वास्थ्य), असम राइफल्स जिनका रैंक कमाण्डेंट या लेफ्टिनेंट कर्नल का हो – सदस्य; 4. स्टाफ ऑफिसर–1 (प्रशासन), असम राइफल्स – सदस्य; 5. डिप्टी कमांडेंट या मेजर पद का एक अधिकारी – सदस्य।
भर्ती करने मे किन परिस्थिति में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
(13)
लागू नही होता।

(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
सूबेदार (भेषजज्ञ)।	01*(2025) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' अननुसचिवीय, अराजपत्रित।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर–7, (44,900–1,42,400)।	चयन।

(6)	**(7)**	**(8)**	**(9)**
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।

(10)	**(11)**
प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा	**प्रोन्नति द्वारा** : असम राइफल्स के नायब सूबेदार (भेषजज्ञ) में से जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स स्तर–6 (35400–112400) मे श्रेणी मे नियमित पांच वर्षो की सेवा की हो। चिकित्सा प्रवर्ग शेप–1 हो, और असम राइफल्स द्वारा यथाविहित प्रोन्नति पूर्व आवश्यक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया हो। **टिप्पण**: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या

	दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले कही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो। **प्रतिनियुक्तिः** केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन राज्य के अधिकारी क. (i) जिन्होने विभाग के मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किया हो। (ii) जिन्होंने मूल काडर या विभाग मे वेतन मैट्रिक्स मे स्तर 6 (35,400–1,12,400) या समतुल्य मे पद पर नियुक्ति के पष्चात् पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो। ख. जो निम्नलिखित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हो, (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भेषजी मे स्नातक डिग्री। (ii) सुसंगत क्षेत्र मे दो वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1**: पोषक प्रवर्ग के विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति मे है प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त के लिए विचार किए जाने के पात्र नही होगें, इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति किए जाने के पात्र नही होंगे। **टिप्पण 2**: प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसके अंतर्गत केंद्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग मे इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्रय पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नही होगी। **टिप्पण 3**: प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नही होगी।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना।

(12)

समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमे निम्नलिखित होगेः–

1. अपर महानिदेशक असम राइफल्स – अध्यक्ष;
2. कर्नल (अभिलेख), असम राइफल्स – सदस्य;
3. कर्नल चिकित्सा, असम राइफल्स – सदस्य;
4. स्टाफ ऑफिसर–1 (चिकित्सा), असम राइफल्स – सदस्य;
5. मेजर/डिप्टी कमांडेंट स्तर का एक अधिकारी – सदस्य

(13)

लागू नही होता।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
नायब सूबेदार (भेषजज्ञ)।	02*(2025) *कार्यभार के	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह 'ख' अननुसचिवीय,	वेतन मैट्रिक्स में स्तर–6, (35,400–1,12,400)	चयन।

	आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	अराजपत्रित		

(6)	(7)	(8)	(9)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	दो वर्ष।

(10)	(11)
प्रोन्नति द्वारा	**प्रोन्नतिः** असम राइफल्स के सदस्यों मे से वारंट अफसर (भेषजज्ञ) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में स्तर–5 (29,200–92,300) मे श्रेणी मे छः वर्ष नियमित सेवा की हो चिकित्सा प्रवर्ग शेप–1 होनी चाहिए और बल द्वारा समय–समय पर विहित या प्रोन्नति पूर्व न्यूनतम दो से चार सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण अर्हित हो। **टिप्पण**: जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में, जिन्होने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उनके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित जिन्होने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले कही पूरी कर ली है अगली उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली हो।

(12)

समूह 'ख' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति पर विचार करने के लिए) जिसमे निम्नलिखित होगेः–

1. अपर महानिदेशक असम राइफल्स – अध्यक्ष;
2. कर्नल (अभिलेख), असम राइफल्स – सदस्य;
3. लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक का स्टाफ ऑफिसर–1 (पशासन), असम राइफल्स – सदस्य;
4. चिकित्सा से कमाण्डेंट/सेकेण्ड–इन–कमाण्ड पद का एक अधिकारी – सदस्य;
5. असम राइफल्स के ऐसे दो अधिकारी जिनका पद सूबेदार, (स्तर–7) रैंक से कम न हो, जिनमे एक अनुसूचित जाति और दूसरा अनुसूचित जनजाति का हो। – सदस्य।

समूह 'ख' विभागीय पुष्टीकरण समिति (पुष्टि पर विचार करने के लिए) जिसमे निम्नलिखित होगेंः–

1. ब्रिगेडियर (कार्मिक), असम राइफल्स – अध्यक्ष;
2. कर्नल (अभिलेख), असम राइफल्स – सदस्य;
3. लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक का स्टाफ ऑफिसर–1 (प्रशासन), असम राइफल्स – सदस्य;
4. चिकित्सा से कमाण्डेंट/सेकेण्ड–इन–कमाण्ड पद का एक अधिकारी – सदस्य;

5.	असम राइफल्स के ऐसे दो अधिकारी जिनका पद सूबेदार, स्तर–7 (44900–142400) रैंक से कम न हो, जिनमे एक अनुसूचित जाति और दूसरा अनुसूचित जनजाति का हो।	– सदस्य।
	(13)	
	लागू नही होता।	

[फा. सं. ए/पर्स/आरआरएस/समूह 'ख'/फार्मा/2017]

आर जोसेस वशुम, अवर सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 6th May, 2025

G.S.R. 128.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) read with clauses (a) and (b) of sub-section (2) of section 165 of the Assam Rifles Act 2006 (47 of 2006) and in supersession of the Assam Rifles (Group 'C' combatised posts) Recruitment Rules, 2000, in so far as it relates to the post of Naib Subedar (Pharmacist); and the Assam Rifles (Group 'B' combatised posts) Recruitment Rules, 2001, in so far as they related to the post of Subedar Major (Pharmacist), Subedar (Pharmacist), except as respects to things done or omitted to be done before such supersession, the Central Government hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the posts of Subedar Major (Pharmacist), Subedar (Pharmacist) and Naib Subedar (Pharmacist), in the Assam Rifles in the Ministry of Home Affairs, namely:-

1. **Short title and commencement.–** (1) These rules may be called the Ministry of Home Affairs, Assam Rifles, Subedar Major (Pharmacist), Subedar (Pharmacist) and Naib Subedar (Pharmacist), Group 'B' Posts, Recruitment Rules 2025.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application.–** These rules shall apply to the posts as specified in column (1) of the Scheduled annexed to these rules.

3. **Number of posts, classification and level in the pay matrix.–** The number of the said posts, their classification and level in pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the said Schedule.

4. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.–** The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said posts shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

5. **Disqualification.–** No person, –

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person, shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

6. **Superannuation.–** (1) Every person appointed under these rules shall retire from service on the afternoon of the last day of the month in which he or she attains the age of sixty years or as prescribed by the Central Government from time to time:

Provided that a person whose date of birth is on the first day of the month, shall retire from service in the afternoon of the last day of the preceding month on attaining the age of superannuation.

(2) No person shall be granted extension in service beyond the prescribed age of retirement on superannuation as specified in sub-rule (1).

7. **Power to relax.–** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union Public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

8. **Saving.–** Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post.	**Number of posts.**	**Classification.**	**Level in the pay matrix.**	**Whether selection post or non-selection post.**	**Age-limit for direct recruits.**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**
1. Subedar Major (Pharmacist).	02* (2025) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group ‘B’ Non - Gazetted Non - Ministerial	Level - 8 in the pay matrix (47600-151100).	Not applicable.	Not applicable.

Educational and other qualifications required for direct recruits.	**Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.**	**Period of probation, if any.**	**Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation /absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.**
(7)	**(8)**	**(9)**	**(10)**
Not applicable.	Not applicable.	Two years for re-employed.	(i) Fifty per cent. by deputation or promotion; and (ii) Fifty per cent. by deputation or re-employment (For Armed Forces personnel).

In case of recruitment by promotion or deputation/ absorption grades from which promotion or deputation/ absorption to be made.

(11)

By deputation or promotion:

Officer of the Central Government or State Governments, -

(a) (i) holding analogous posts on a regular basis in the parent cadre or Department: or
(ii) with two years’ service rendered after appointment to the post on a regular basis in level-7 in the pay matrix (Rs.44900-142400) or equivalent in the parent cadre or department: and
(b) possessing the following educational qualifications and experience, namely: -
(i) Bachelor degree in Pharmacy from a recognised university and recognised institute;
(ii) two years’ experience in relevant field.

Note 1.- The departmental Subedar (Pharmacist) in level-7 in the pay matrix (44900-142400) with two years of regular service in the grade and having the educational qualifications and experience prescribed for considering appointment on deputation basis is considered alongwith outsiders. If the departmental candidate is selected for appointment to the post; it shall be treated as having been filled by promotion and medical category shall be SHAPE-1 and qualified in mandatory pre promotion training of minimum two to four weeks or as prescribed by the Force from time to time.

Note 2.- The period of deputation including the period of deputation in another *ex-cadre* post held immediately preceding this appointment in the same of some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed not exceed three years.

Note 3.- The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications.

Ex-servicemen :Re-employment:

The armed Force Personnel due to retire or who are to be transferred to reserve within a period of one year and having the qualifications and experience prescribed for deputationists, shall also be considered for deputation, If selected, such officers shall be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed Forces and thereafter, they may be continued on re-employment terms. The candidate shall be in medical category SHAPE-1.

If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition.	Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment.
(12)	(13)
Group 'B' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of: - 1. Brigadier Personnel Assam Rifles - Chairman; 2. Colonel (Records), Assam Rifles - Member; 3. Staff Officer (Medical or Health) Assam Rifles of the rank of Commandant or Lieutenant Colonel - Member; 4. Staff Officer -1(Administration) Assam Rifles - Member; 5. One officer of the rank of Deputy Commandant or Major – Member;	Not applicable.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2. Subedar (Pharmacist).	01* (2025) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service Group 'B' Non – Gazetted, Non- Ministerial	Level - 7 in the pay matrix. (44900-142400)	Selection.	Not applicable.

(7)	(8)	(9)	(10)
Not applicable.	Not applicable.	Not applicable.	By Promotion falling which by deputation.

(11)

Promotion:
From amongst Naib Subedar (Pharmacist) of the Assam Rifles in level- 6 in the pay matrix (35400-112400) with five years regular service in the grade, medical category SHAPE-1, and who successfully pre-promotional course or courses as prescribed by the Assam Rifles time to time.

Note:- Where Juniors who have completed their qualifying/eligibility service are being considered for promotion, their seniors shall also be considered provided they are not short of the requisite qualifying/eligibility service by more than half of such qualifying/eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying/eligibility service.

Deputation:

Officer of the Central Government or State Governments or Union territory Administrations,-

(a) (i) holding analogous posts on a regular basis in the parent cadre or Department: or
(ii) with five years' service rendered after appointment to the post on a regular basis in level-6 in the pay matrix (Rs. 35400-112400) or equivalent in the parent cadre or department: and
(b) possessing the following educational qualifications and experience, namely :-
(i) Bachelor degree in Pharmacy from a recognised university and recognised institute; and
(ii) two years' experience in relevant field.

Note 1.- The department officers in the feeder category who are in the direct line of promotion shall not be eligible for consideration for appointment on deputation. Similarly, the deputationists shall not be eligible for consideration for appointment by promotion.

Note 2.- The period of deputation including the period of deputation in another *ex-cadre* post held immediately preceding this appointment in the same of some other organisation or department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years.

Note 3.- The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding fifty-six years as on the closing date of receipt of applications.

(12)	(13)
Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of: - 1. Additional Director General, Assam Rifles - Chairman; 2. Colonel (Records), Assam Rifles - Member; 3. Colonel Medical, Assam Rifles - Member; 4. Staff Officer -1 (Medical) Assam Rifles - Member; 5. One officer of the rank of Major or Deputy Commandant – Member;	Not applicable.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
Naib Subedar (Pharmacist).	02* (2025) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service Group 'B' Non– Gazetted, Non– Ministerial.	Level - 6 in the pay matrix (35400-112400)	Selection	Not applicable.

(7)	(8)	(9)	(10)
Not applicable.	Not applicable.	Two years	By Promotion

(11)
Promotion: From amongst members of Assam Rifles holding the rank of Warrant Officer (Pharmacist) in pay level -5 in the pay matrix (Rs.29200-92300), with six years' regular service in the grade medical category must be SHAPE-1 and must qualified mandatory pre promotional training of minimum of two to four weeks or as prescribed by the Force from time to time. **Note**:- Where Juniors who have completed their qualifying/eligibility service are being considered for promotion, their seniors would also be considered provided they are not short of the requisite qualifying/eligibility service by more than half of such qualifying/eligibility service or two years, whichever is less, and have successfully completed their probation period for promotion to the next higher grade along with their juniors who have already completed such qualifying/eligibility service.

(12)	(13)
Group 'B' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:- 1. Additional Director General, Assam Rifles – Chairman; 2. Colonel (Records), Assam Rifles - Member; 3. Staff Officer -1(Administration) Assam Rifles of the rank of Lieutenant Colonel – Member; 4. One Medical, Assam Rifles of the rank of Commandant or Second-in-Command – Member; 5. Two Officers of, Assam Rifles not below the rank of Subedar level-7one belonging to the Scheduled	Not applicable.

Caste and one belonging to the Scheduled Tribe – Member;	

Group 'B' Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of: 1. Brigadier Personnel, Assam Rifles – Chairman; 2. Colonel (Records), Assam Rifles – Member; 3. Staff Officer -1(Administration) Assam Rifles of the rank of Lieutenant Colonel – Member; 4. One Medical Officer, Assam Rifles of the rank of Commandant or Second-in-Command – Member; 5. Two Officers of, Assam Rifles not below the rank of Subedar level-7 (Rs. 44900-142400) one belonging to the Scheduled Caste and one belonging to the Scheduled Tribe – Member;	

[F. No. A/Pers/RRs/Gp'B'/Pharm/2017]

R JOSES VASHUM, Under Secy.

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 2025

सा.का.नि. 129.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली भेषजज्ञ (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2019 को, सिवाए उन बातों के अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली, में भेषजज्ञ के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.–** (1) इन नियमों का नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली, भेषजज्ञ (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2025 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.–** उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में उसका स्तर वह होगा, जो उक्त उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) तक में विनिर्दिष्ट हैं।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि.–** उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.–** वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसे करने के लिए अन्य आधार हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी ।

5. शिथिल करने की शक्ति.– जहाँ केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति.– इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम।	**पद की संख्या।**	**वर्गीकरण।**	**वेतन मैट्रिक्स में स्तर।**	**चयन या अचयन पद।**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**
भेषजज्ञ	11* (2025) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', अराजपत्रित, अननुसचिवीय।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-5 (29200- 92300/- रुपये)। (प्रविष्टि श्रेणी में दो वर्ष की सेवा के पूर्ण होने पर, सभी पद धारको को अगली उच्चतर श्रेणी में गैर-कार्यात्मक उन्नयन प्रदान की जाएगी।)	लागू नहीं होता।

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा।	**सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं।**	**सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं।**
(6)	**(7)**	**(8)**
अठारह वर्ष और सत्ताईस वर्ष के मध्य (दोनों अन्तर्विष्ट) (केंद्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार विभागीय अभ्यर्थियों के लिए चालीस वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।) **टिप्पण :** आयु सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी । न कि वह अंतिम तारीख जो असम,	**अनिवार्य:** (i) भारतीय भेषजी परिषद द्वारा अनुमोदित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भेषजी पाठ्यक्रम (विज्ञान विषय सहित 10+2 के पश्चात दो वर्ष और पांच सौ घंटे का व्यावहारिक प्रशिक्षण) में डिप्लोमा ; अथवा भारतीय भेषजी परिषद द्वारा अनुमोदित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से भेषजी पाठ्यक्रम (विज्ञान विषय सहित 10+2 के पश्चात चार वर्ष का पाठ्यक्रम) में स्नातक ; अथवा भारतीय भेषजी परिषद द्वारा अनुमोदित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से फार्मा डी (विज्ञान विषय सहित 10 + 2 के पश्चात छ: वर्ष का पाठ्यक्रम) ; और (ii) राज्य भेषजी परिषद से पंजीकरण।	लागू नहीं होता।

मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, , हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के लाहौल और स्पीति जिले एवं पांगी उपखंड, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र अंदमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लिए विहित की गई है।	**टिप्पण 1:** अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों के संदर्भ में सक्षम प्रधिकारी अथवा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लिखित रूप में कारण अभिलेखित करते हुए, अपने विवेकाधिकार से, अर्हताओं में शिथिलता प्रदान की जा सकेगी। **टिप्पण 2:** अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के संदर्भ में यदि चयन प्रक्रिया किसी भी स्तर पर सक्षम प्रधिकारी अथवा कर्मचारी चयन आयोग का यह समाधान होता है कि उन समुदायों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने हेतु अपेक्षित अनुभव रखते सम्बंधित अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं हैं, तो कर्मचारी चयन आयोग अथवा सक्षम प्रधिकारी द्वारा लिखित रूप में कारण अभिलेखित करते हुए, अपने विवेकाधिकार से, अनुभव सम्बंधी अर्हताओं में शिथिलता प्रदान की जा सकेगी।	

परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।	**भर्ती की पद्धति: भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।**	**प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियाँ जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति/ आमेलन किया जाएगा।**	**यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना।**	**भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।**
(9)	(10)	(11)	(12)	(13)
दो वर्ष। (परिवीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा विहित कम-से-कम दो सप्ताह की अवधि का प्रवेश प्रशिक्षण अनिवार्य होगा।)	सीधी भर्ती। **टिप्पण:** प्रतिनियुक्ति या लंबी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किसी अन्य परिस्थितियों के कारण पदधारी के एक वर्ष या अधिक बाहर रहने के कारण हुई रिक्तयों को केंद्रीय सरकार के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति आधार पर भरी जा सकेगीं। : (क) (i) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए है; या (ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स में स्तर-4 (25500-81100 रु0) में पदों पर पांच वर्ष की नियमित सेवा की हो या समतुल्य में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात पांच वर्ष	लागू नहीं होता।	विभागीय पुष्टि समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे: 1. प्रधानाचार्य, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली - अध्यक्ष; 2. संबंधित विभागाध्यक्ष, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली - सदस्य; 3. संबंधित उप निदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय - सदस्य; 4. उप निदेशक (प्रशासन), लेडी	संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक नहीं हैं।

	सेवा की हो; और (ख) जो स्तंभ (7) के अधीन सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव रखते हैं।		हार्डिंग मेडिकल कॉलेज और श्रीमती सुचेता कृपलानी अस्पताल, नई दिल्ली - सदस्य।	

[फा. सं. A.11018/20/2024–एमएच.।।]

अभिषेक पाण्डेय, अवर सचिव

MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 5th August, 2025

G.S.R. 129.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi Pharmacist (Group 'C' Post) Recruitment Rules, 2019, except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Pharmacist in the Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi, under the Ministry of Health and Family Welfare, namely:-

1. **Short title and commencement.–** (1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi, Pharmacist (Group 'C' Post) Recruitment Rules, 2025.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of posts, classification and level in pay matrix.–** The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc.–** The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in columns (5) to (13) of the said Schedule.

4. **Disqualification.–** No person, -

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.–** Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.–** Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, ex-Servicemen and other special categories of persons, in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post.	**Number of posts.**	**Classification.**	**Level in pay matrix.**	**Whether selection post or non - selection post.**	**Age-limit for direct recruits.**
(1)	**(2)**	**(3)**	**(4)**	**(5)**	**(6)**
Pharmacist	11* (2025) *Subject to variation dependent on workload.	General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial.	Level-5 (Rs. 29200-92300) in the pay matrix. (on completion of two years of service in the entry grade, all the incumbents shall be granted non-functional to the next higher grade).	Not applicable	Between 18 and 27 years. (Relaxable for Government servants upto forty years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government from time to time). **Note :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India and not the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Lahaul and Spiti District and Pangi Subdivision of Chamba District of Himachal Pradesh and Union territories of Ladhak, Andaman and Nicobar Islands and Lakshdweep.

Educational and other qualification required for direct recruits.	**Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees.**	**Period of probation, if any.**
(7)	**(8)**	**(9)**
Essential: (i) Diploma in Pharmacy course (two years and five hundred hours practical training after 10+2 with science subject) from a recognised university or Institute approved by the Pharmacy Council of India; or Bachelor of Pharmacy Course (four years course after 10+2 with science subject) from a recognised university or Institute approved by the Pharmacy Council of India; or Pharma D course (six years course after 10+2 with science subject) from a recognised university or Institute approved by the Pharmacy Council of India; and (ii) Registration with State Pharmacy council. **Note 1 :** Qualifications are relaxable at the discretion of the competent authority or the Staff Selection Commission for the reasons to be recorded in writing in the case of candidates otherwise well qualified.	Not applicable.	Two years. **Note :** There shall be a mandatory induction training of at least two weeks for successful completion of probation as prescribed by the competent authority.

Note 2 : The qualifications regarding experience is relaxable at the discretion of the competent authority or the Staff Selection Commission, for the reasons to be recorded in writing in the case of candidates belonging to Scheduled Castes or Scheduled Tribes if at any stage, the competent authority or the Staff Selection Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them.		

Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation / absorption and percentage of the vacancies to be filled by various methods.	**In case of recruitment by promotion or by deputation / absorption, grades from which promotion or deputation / absorption is to be made.**	**If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.**	**Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment.**
(10)	**(11)**	**(12)**	**(13)**
Direct recruitment. **Note :** Vacancies caused by the incumbent being away on deputation or long illness or study leave or under other circumstances for a duration of one year or more may be filled by deputation basis from officers of the Central Government: (a) (i) holding analogous posts on regular basis in the parent cadre or Department ; or (ii) with five years regular service in the posts in level 4 (Rs. 25500-81100) in the pay matrix, or equivalent in the parent cadre or department; and (b) possessing the qualifications and experience as prescribed for direct recruits under column (7).	Not applicable.	Departmental Confirmation Committee (for considering confirmation) consisting of: 1. Principal, Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital - Chairperson; 2. Head of the concerned Department, Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital New Delhi - Member; 3. Deputy Director (concerned) Directorate General of Health Services – Member; 4. Deputy Director (Administration), Lady Hardinge Medical College and Shrimati Sucheta Kriplani Hospital, New Delhi - Member.	Consultation with Union Public Service Commission is not necessary.

[F. No. A.11018/20/2024-MH-II]

ABHISHEK PANDEY, Under Secy.

नई दिल्ली, 5 अगस्त, 2025

सा.का.नि. 130.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली, जयेष्ठ तकनीकी अधिकारी तथा जयेष्ठ पर्फ्युज़निस्ट (समूह 'ख" पद), भर्ती नियम, 2019 को, जहां तक उनका सम्बन्ध वरिष्ठ पर्फ्युज़निस्ट के पद से है, सिवाय उन बातो के अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में वरिष्ठ रक्त परिसंचरण तंत्र संचालक के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती हैं, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.– (1) इन नियमों का नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली, वरिष्ठ रक्त परिसंचरण तंत्र संचालक (समूह 'ख' पद) भर्ती नियम, 2025 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पद की संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.– उक्त पद की संख्या, उसका वर्गीकरण और उससे संलग्न वेतन मैट्रिक्स में स्तर वह होगा, जो उक्त उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) तक में विनिर्दिष्ट हैं।

3. भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं, आदि.– उक्त पद पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

4. निरर्हता.– वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से, जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है;

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा:

परंतु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसे करने के लिए अन्य आधार हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. शिथिल करने की शक्ति.– जहाँ केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहाँ वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी भी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. व्यावृत्ति.– इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम।	**पद की संख्या।**	**वर्गीकरण।**	**वेतन मैट्रिक्स में स्तर।**	**चयन याअचयन पद।**	**सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा।**
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
वरिष्ठ रक्त परिसंचरण तंत्र संचालक	02* (2025) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख',राजपत्रित, अननुसचिवीय।	वेतन मैट्रिक्स में स्तर-7 (44900 – 142400 रुपये)।	चयन।	लागू नहीं होता।

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं।	**सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं।**	**परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो।**	**भर्ती की पद्धति,भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता।**
(7)	(8)	(9)	(10)
लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	लागू नहीं होता।	प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा।

